दैनिक

नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 76 (भोपाल: वर्ष 37 अंक 263, पृष्ठ 8) रविवार 21 अगस्त 2022 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com

आज का मौसम

भोपाल	↑ 30.3°	↓ 23.8°
इंदौर	↑ 27.0°	↓ 22.5°
ग्वालियर	↑ 27.3°	↓ 23.3°
जबलपुर	↑ 27.9°	↓ 22.0°

सूर्योदय- 5.56 सूर्यास्त-6.55

भूमिका में स्पष्टता से...

खास खबर

भगत सिंह के नाम पर होगा चंडीगढ़ एयरपोर्ट का नाम

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को दोनों सरकारों के बीच बैठक के बाद कहा कि पंजाब और हरियाणा सरकारें स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद भगत सिंह के नाम पर चंडीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलने पर सहमत हो गई हैं। बैठक में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मौजूद थे। बैठक के बाद पंजाब सीएम भगवंत मान ने ट्वीट किया, %%पंजाब और हरियाणा ने चंडीगढ़ के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का नाम शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखने पर सहमति जताई। इस मुद्दे पर आज हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ बैठक की।

डीजीसीए ने 6 महीने के लिए पायलट का सस्पेंड किया लाइसेंस

नई दिल्ली (एजेंसी)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने स्पाइसजेट की एक फ्लाइट के पायलट-इन कमांड के लाइसेंस को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने स्पाइसजेट के एक विमान के खराब मौसम में गंभीर रूप से हिलने-डुलने और कई यात्रियों के घायल होने की घटना के सिलसिले में विमान के पायलट का लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। यह घटना एक मई को हुई थी। विमान मुंबई से दुर्गापुर की उड़ान पर था। उस समय बताया गया था कि विमान के गंभीर वायुमंडलीय विक्षोभ के संपर्क में आने के कारण उसमें सवार 14 यात्री और चालक दल के तीन सदस्य घायल हो गए।

दिल्ली शराब नीति मामले में ...

सीबीआई ने आरोपियों से शुरू की पूछताछ, 3 के बयान दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सीबीआई ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति के क्रियान्वयन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में पूछताछ शुरू करने के दौरान तीन आरोपियों के बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एजेंसी शुक्रवार को दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास सहित 31 स्थानों पर छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

सीबीआई की एफआईआर में मनीष सिसोदिया समेत 15 के नाम हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों आरोपियों को सीबीआई मुख्यालय बुलाया गया जहां उनके बयान दर्ज किए गए और तलाशी के दौरान बरामद वित्तीय लेन-देन के कुछ दस्तावेजों के साथ उनका सामना कराया गया।

अधिकारियों ने कहा कि एक बार दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के साथ-साथ बैंक लेनदेन की जांच की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अन्य आरोपियों को भी समन जारी किया जाएगा। बुधवार को एक विशेष अदालत के समझ दर्ज की गई सीबीआई की एफआईआर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साथ भी साझा किया गया है। ईडी एक वित्तीय जांच एजेंसी है, जो इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच करेगी। एजेंसी ने शुक्रवार को 31 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें सिसोदिया से संबंधित परिसरों के साथ-साथ कुछ नौकरशाह और व्यवसायी भी शामिल थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ आप ने भी सीबीआई के इन छापों की निंदा करते हुए दावा किया कि सीबीआई अधिकारियों को आप नेताओं को परेशान करने के लिए ऊपर से आदेश दिया गया है। वहीं, भाजपा ने दिल्ली सरकार से अपनी आबकारी नीति पर सफाई देने को कहा है। सीबीआई जांच के तहत इंडोस्प्रिट्स के मालिक समीर महेंद्रू द्वारा कथित तौर पर सिसोदिया के करीबी सहयोगियों को करोड़ों में कम से कम दो भुगतान किए गए हैं, जो आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में सक्रिय रूप से शामिल शराब व्यापारियों में से एक (शेष पेज 2 पर)

आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार देश और दुनिया तक पहुंच रहा है : अनुराग

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शराब घोटाले के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा है कि मनीष सिसोदिया इस शराब घोटाले के आरोपी नंबर वन हैं, जबकि भ्रष्टाचार के प्रमुख अरविंद केजरीवाल हैं। पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम आदमी पार्टी का भ्रष्टाचार आज देश और दुनिया तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बनाने में नंबर वन हैं और शराब घोटाले के बाद मनीष सिसोदिया अब पत्रकारों के सवालों का जवाब भी नहीं दे पा रहे हैं।आम आदमी पार्टी की सरकार को रेवड़ी सरकार और बेवड़ी सरकार की संज्ञा देते हुए अनुराग ठाकुर ने पूछा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ये बताएं कि ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को शराब बेचने का ठेका दिया (शेष पेज 2 पर)

2024 के आम चुनाव में आप और भाजपा के बीच होगा सीधा मुकाबला : सिसोदिया

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दावा किया कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा और आप के बीच सीधा मुकाबला होगा। सिसोदिया ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए दावा किया कि आगामी आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा। सिसोदिया ने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद केजरीवाल राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प के रूप में उभरे हैं और यही उनकी (भाजपा की) मुख्य चिंता है। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति में अनियमितता या कोई घोटाला उनके लिए कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन उनकी मुख्य चिंता मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का (शेष पेज 2 पर)

पार्टी कहेगी तो दरी भी बिछाऊंगा

मुझे ये अहम् नहीं कि मैं ही योग्य हूं : शिवराज

भोपाल (काप्र)।

भाजपा संसदीय बोर्ड से बाहर होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने शनिवार को कहा कि मुझे बिल्कुल भी अहम नहीं है कि मैं ही योग्य हूं। पार्टी मुझे दरी बिछाने का काम देगी तो राष्ट्र हित में यह करूंगा।

पार्टी कहेगी कि जैत (मुख्यमंत्री का गृह गांव) में रहो तो वहां रहूंगा। पार्टी कहेगी कि भोपाल में रहो तो भोपाल में रहूंगा। राजनीति में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं होना चाहिए। 2013 से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा की संसदीय बोर्ड के सदस्य थे। लेकिन अब उनकी जगह भाजपा के सीनियर नेता सत्यनारायण जटिया को सदस्य बनाया गया हैं।

वहीं संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को हटाए जाने के सवाल खड़ा हो गया कि 2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा किसके चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। 2018 का विधानसभा चुनाव भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर लड़ा था और चुनाव में भाजपा सीटों के मामले में गई थी और सरकार बदल गई थी। संसदीय बोर्ड से बाहर होने के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि मुझे बिल्कुल भी अहम नहीं है कि मैं ही योग्य हूं। पार्टी मुझे दरी बिछाने का काम देगी तो राष्ट्र हित में यह करूंगा। पार्टी मझे जहां रहने को कहेगी मैं वहीं रहूंगा। राजनीति में किसी को भी महत्वाकांक्षा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सिर्फ अपने देश के बारे में सोचिए , बाकी आपके लिए पार्टी हमेशा ही करती हैं। सीएम ने कहा कि मैं सिर्फ काम करता रहूंगा और निरंतर देश हित के लिए समर्पित रहूंगा। दरअसल एक चैनल के एक निजी कार्यक्रम में उन्होंने इन बातों का जिक्र किया। सीएम ने बताया कि बीजेपी एक विशाल परिवार है और इसके प्रवाह में कोई आगे बढ़ता है तो कोई बाहर भी निकल आता हैं। केंद्रीय स्तर पर एक टीम होती है जो यह तय करती है कि किसे क्या काम देना है और (शेष पेज 2 पर)

ग्वालियर-चंबल अंचल को बड़ी सौगात आगरा तक नया 6-लेन एक्सप्रेस वे मंजूर

भोपाल (काप्र)।

ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए एक नई सौगात मिली है, जो कि इस सम्पूर्ण अंचल के लोगों के भाग्य को बदलने वाली साबित होगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के विशेष सहयोग से ग्वालियर और आगरा के मध्य 160 किलोमीटर लंबा 6-लेन एक्सप्रेस वे मंजूर हुआ है। जिसकी लागत लगभग 3 हज़ार करोड़ रुपये होगी।

भारत सरकार के नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं गडकरी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पुराने ग्वालियर-मुरैना-धौलपुर- आगरा मार्ग पर परिवहन के अत्यधिक दबाव को देखते हुए काफी लंबे समय से उक्त मार्ग के चौड़ीकरण की ज़रूरत थी। इसके लिये हम लोग लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन बानमोर, मुरैना, धौलपुर में सड़क का विस्तार रहवासी आबादी के कारण संभव नहीं हो पा रहा था। हमने परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर इस बात पर मंथन किया कि क्यों न एक नया समानांतर एक्सप्रेसवे मार्ग तैयार किया (शेष पेज 2 पर)

सशस्त्र बल न्यायाधिकरण को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध सरकार : राजनाथ

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि सरकार सशस्त्र बल न्यायाधिकरण को अधिक सशक्त और उत्तरदायी बनाने और इस दिशा में आवश्यक उपायों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र का एक मजबूत स्तंभ है और न्यायिक अधिकारी तथा अधिवक्ता न्याय प्रणाली के स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि लोग न्याय का दरवाजा तब खटखटाते हैं जब उनके लिए अन्य सभी विकल्प समाप्त हो जाते हैं और मजबूत न्याय वितरण प्रणाली सुशासन का आधार होती है। दिल्ली में सशस्त्र बल न्यायाधिकरण की प्रिंसिपल बेंच एसोसिएशन द्वारा आयोजित आत्मनिरीक्षण- सशस्त्र बल न्यायाधिकरण नामक सेमिनार को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि विविध मामलों से निपटने और लंबित मामलों का निपटान करने के लिए डोमेन-विशिष्ट न्यायाधिकरण स्थापित किए गए थे। मंत्री ने जोर देकर कहा कि वादियों को हमारी न्यायपालिका में विश्वास है और न्याय प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए न्यायाधिकरणों में खाली पदों को भरने जैसे सभी आवश्यक उपायों को लागू (शेष पेज 2 पर)

जालोर में दलित छात्र की मौत मामले में दिग्विजय समेत 5 नेताओं के खिलाफ एफआईआर

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के जालौर जिले में दलित बच्चे की मौत का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। स्कूल को आरएसएस का बताने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह समेत 5 लोगों के खिलाफ एडवोकेट मधुसूदन व्यास ने परिवाद के जरिए एफआईआर दर्जकरवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी। सुराणा गांव में दलित छात्र की शिक्षक की पिटाई से हुई मौत के मामले को लेकर गलत ट्वीट करने का आरोप लगाया है। शहर के कोतवाली थाने में कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह, उदित राज सहित चार नेताओं के खिलाफ एडवोकेट मधुसूदन व्यास ने एफआईआर दर्ज करवाई है। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राजपुरोहित ने बताया कि जालोर में सुराणा गांव के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल को आरएसएस की ओर से संचालित किए जाने का बताते हुए ट्वीट किए गए थे।

गृहमंत्री अमित शाह आज रात आएंगे भोपाल

भोपाल (काप्र)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 और 22 अगस्त को भोपाल में रहेंगे। उनके स्वागत के लिए भोपाल सज रहा है। शाह जिन-जिन रास्तों से गुजरेंगे, वे चकाचक हो रहे हैं तो ग्रिल-रैलिंग की रंगाई, डिवाइडर की पुताई और कई खूबसूरत पेंटिंग भी बनाई जा रही है।

स्टेट हेंगर, लालघाटी, पॉलीटेक्निक चौराहा, स्मार्ट रोड, भदभदा रोड को चकाचक किया जा रहा है। दो दिन में सड़कें खूबसूरत की जाएगी। करीब चार महीने में वे दूसरी बार भोपाल आ रहे हैं। इससे पहले 22 अप्रैल को जंबूरी मैदान में हुए सम्मेलन में शामिल होने आए थे। शाह के अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार, वे 21 अगस्त की रात 11 बजे भोपाल आ जाएंगे। 22 अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे हॉल (मिंटो हॉल) में सुबह 11 बजे इंटर स्टेट काउंसिल की मीटिंग की अध्यक्षता (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 22 अगस्त को भोपाल में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा की और तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। श्री चौहान ने केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक, नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी कैंपस के भूमि-पूजन, मध्यप्रदेश पुलिस के आवास और प्रशासनिक भवनों का लोकार्पण, सहकारिता सम्मेलन और कुशाभाऊ ठाकरे की जन्मशताब्दी पर हो रहे कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यक्रम स्थलों पर उचित बैठक व्यवस्था, बिजली, पेयजल प्रबंध और सुरक्षा की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यक्रम के गरिमामय संपादन के लिए संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित (शेष पेज 2 पर)

एक जज 50 मामलों का निपटारा करता है तो 100 और केस हो जाते हैं दायर : कानून मंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने लंबित मामलों की संख्या पांच करोड़ के करीब पहुंचने पर अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश 50 मामलों का निपटारा करता है, तो 100 नए मामले दायर हो जाते हैं, क्योंकि लोग अब अधिक जागरूक हैं और वे विवादों के निपटान के लिए अदालतों में पहुंच रहे हैं। रिजिजू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में शनिवार को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के कामकाज पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार अदालतों में लंबित मामलों को कम करने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रही है। विधि मंत्री ने संसद के मानसून सत्र में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि देशभर की अदालतों में 4.83 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। निचली अदालतों में चार करोड़ से अधिक और सुप्रीम कोर्ट में 72,000 से अधिक केस पेंडिंग हैं। मंत्री ने कहा कि मध्यस्थता पर प्रस्तावित कानून से वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र पर नए सिरे से ध्यान देकर अदालतों में मुकदमों की संख्या कम करने में मदद मिलेगी। रिजिजू ने कहा कि भारत और अन्य देशों में लंबित मामलों की कोई तुलना नहीं की जानी चाहिए।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की की 78वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट कर कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। 20 अगस्त 1944 को जन्मे राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी ने 1984 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे ज्यादा लोकसभा सीट जीतकर प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान श्रीलंकाई संगठन लिट्टे ने एक आत्मघाती हमला कर 21 मई, 1991 को राजीव गांधी की हत्या कर दी थी। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीर भूमि पर अपने दिवंगत पिता राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।राहुल गांधी ने एक ट्वीट में लिखा- पापा, आप हर पल मेरे साथ, मेरे दिल में हैं। मैं हमेशा प्रयास करूंगा कि देश के लिए जो सपना आपने देखा उसे पूरा कर सकूं। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने अपने ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किया,हम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर याद करते हैं।

माता वैष्णो देवी की यात्रा बारिश के चलते रातभर रुके रहने के बाद फिर से आरंभ

जम्मू (एजेंसी)।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के प्रसिद्ध मंदिर की यात्रा भारी बारिश के कारण रात भर अस्थायी रूप से रुकी रहने के बाद शनिवार सुबह फिर से शुरू हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा के आधार शिविर कटरा के दर्शनी डोडी से सुबह करीब साढ़े छह बजे 1,500 से अधिक श्रद्धालुओं को पुराने मार्ग से यात्रा शुरू करने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि बहरहाल नए मार्ग के नाम से जाना जाने वाला हिमकोटि (बैटरी कार) मार्ग अब भी बंद है और वहां रास्ता साफ करने का काम चालू है। इसके अलावा खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर सेवाएं भी निलंबित हैं। त्रिकुटा पहाड़ियों पर भारी बारिश के बाद शुक्रवार शाम को यात्रा अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई थी। भारी बारिश शाम करीब छह बजे शुरू होकर आधी रात तक जारी रही। जब बारिश आरंभ हुई, उस समय हजारों तीर्थयात्री तीर्थस्थल पर मौजूद थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए कई वीडियो में वैष्णो देवी मार्ग पर बाढ़ जैसे हालात नजर आ रहे हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने बताया कि भारी बारिश के कारण किसी के हताहत होने या किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई खबर नहीं मिली है। मध्यप्रदेश निवासी कुमार योगेश ने यात्रा के लिए पंक्ति में इंतजार करते समय कहा कि हम अपने तय कार्यक्रम के अनुसार पहुंच गए हैं और मंदिर में दर्शन करने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

'26/11' जैसे आतंकी खतरे की धमकी के बाद हाई अलर्ट पर मुंबई

मुंबई (एजेंसी)। दो दिन में दूसरी बार सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से 26/11-शैली के आतंकी हमले को अंजाम देने की धमकी मिलने के बाद, महाराष्ट्र सुरक्षा बलों में हड़कंप मच गया। मैसेज को मुंबई ट्रेफिक पुलिस कंट्रोल ने शुक्रवार देर रात मॉनिटर किया था। अधिकारियों ने शनिवार को यहां इसकी जानकारी दी। शहर के पुलिस आयुक्त विवेक फंसलकर ने कहा कि इसे गंभीरता से लेते हुए, मुंबई पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की, जांच के लिए अपराध शाखा की तीन टीमों का गठन किया। देश की वाणिज्यिक राजधानी में विस्फोट की धमकी, 26/11 (2008) के प्रभाव से अधिक की चेतावनी, मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम में रात 11 बजे के आसपास एक व्हाट्सएप चैट में प्राप्त हुई थी। फंसलकर ने मीडिया से कहा कि मुंबईकरों को घबराना नहीं चाहिए। हम इस मामले की सभी कोणों से जांच कर रहे हैं और अपराध शाखा इसकी जांच कर रही है। कुछ नहीं होगा, हम शहर को सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने पुष्टि की कि व्हाट्सएप चैट संदेशों में से एक नंबर पाकिस्तान का है, जबकि संचार में छह अन्य भारतीय नंबर हैं जिन्हें जांच दल ट्रैक कर रहे हैं। फंसलकर ने आश्वासन दिया कि हम हर संभव कोण से इसकी जांच कर रहे हैं और आतंकवाद विरोधी दस्ते को भी शामिल किया जाएगा। हम हाई अलर्ट पर हैं। मुंबई के लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हिंदी में संदेशों में दावा किया गया है कि अगला हमला शहर में %26/11 (2008) के आतंकी हमलों की यादें ताजा कर देगा% - जो 10 भारी हथियारों से लैस पाकिस्तानी चरमपंथियों द्वारा किए गए थे। भेजे गए संदेश में लिखा था कि मुबारक हो,(बधाई हो)। मुंबई पर हमला होने वाला है। यह आपको 26/11 के हमलों की याद दिलाएगा। सब कुछ जगह पर है, केवल समय तय किया जाना बाकी है और इसे कभी भी किया जा सकता है।

झारखंड में सियासी हलचल तेज, सीएम सोरेन के घर गठबंधन दलों की बैठक, कई विधायक रहे नदारत

रांची (एजेंसी)।

झारखंड में सियासी हलचल की आहट के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की शनिवार को सीएम के आवास पर अहम बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस और झामुमो के नेताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन पूरी तरह इंटैक्ट है।

गठबंधन सरकार के 49 में से 41 विधायक बैठक में मौजूद रहे। जो विधायक नहीं पहुंचे, उन्होंने पार्टी नेतृत्व और सीएम हाउस को अपनी गैरहाजिरी की वजहों के बारे में पूर्व सूचना दे रखी थी। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े दो मसलों पर चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद संभावित फैसलों को लेकर इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा था। गौरतलब है कि ऑफिस ऑफ प्रॉफिट से जुड़े विवाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्रीय चुनाव आयोग में भाजपा की ओर से की गयी शिकायत पर सुनवाई पूरी कर ली गयी है और फैसला जल्द आने की संभावना है। इसी तरह माइनिंग लीज और शेल कंपनियों में निवेश के आरोपों से संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सुनवाई पूरी ली है और अपना फैसला सुरक्षित रखा है। चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट, दोनों के आगामी फैसले राज्य के सत्ता समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं।

स्पेशल खबर महाराष्ट्र में फिर सक्रिय होगी सीबीआई...

जल्द हटेगी पाबंदी, बढ़ेंगी विपक्ष की मुश्किलें ?

मुंबई (एजेंसी)।

महाराष्ट्र में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पर लगी पाबंदी हटने वाली है। इस संबंध में जल्द ही राज्य मंत्रिमंडल फैसला लेगा। अगर ऐसा होता है तो महाराष्ट्र में विरोधी दलों के प्रमुख नेताओं की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

वैसे 2014 के बाद 9 गैर बीजेपी शासित राज्य महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, केरल, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, मेघालय और मिजोरम ने सीबीआई की सीधी जांच पर प्रतिबंध लगा दिया था। पश्चिम बंगाल में एक मामले में कोलकाता पुलिस आयुक्त के आवास पर उनसे पूछताछ करने गए सीबीआई अधिकारियों को राज्य पुलिस ने घर से बाहर निकाल दिया था। दिल्ली के मंत्री मनीष सीसोदिया पर कार्रवाई कर सीबीआई फिर से चर्चा में आ गयी है। मुंबई में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले के वक्त राज्य की महाविकास अघाड़ी सरकार की परेशानियां बढ़ गई थीं। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र व पिछली सरकार में पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे बड़ी चर्चा में थे। एजेंसी की जांच प्रणाली को लेकर उद्धव ठाकरे बेहद ही खफा थे। दूसरे राज्यों का अध्ययन करने के बाद ठाकरे सरकार ने 21 अक्टूबर, 2021 को राज्य में जांच के लिए सीबीआई पर पाबंदी लगा दी थी, मतलब बगैर राज्य सरकार की अनुमति के सीबीआई किसी मामले की जांच नहीं कर सकती। बताया जा रहा है कि राज्य शिंदे-फडणवीस सरकार इस प्रतिबंध हटा देगी। इससे विरोधी दल की परेशानी बढ़ सकती है।अगर राज्य में सीबीआई सक्रिय होती है तो उनके निशाने पर पहले से ही शिवसेना और एनसीपी के कई सारे नेता हैं। ठाकरे सरकार ने जब सीबीआई पर पाबंदी लगा दी तो केंद्र की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सक्रिय हो गई।